an>

Title : Need to open a railway station in Ridhpur at Wardha Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : मैं रेलमंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा की समस्या की ओर आकृष्ट करते हुए आग्रह करना चाहता हूँ कि नरखेड-अमरावती रेलवे लाईन पर पड़ने वाले रिद्धपुर में रेलवे स्टेशन की मांग काफी समय से की जा रही है। श्री क्षेत्र रिद्धपुर को महानुभाव पंथ की काशी कहा जाता है। रिद्धपुर में स्थित महानुभाव पंथ के तकरीबन 800 मंदिर हैं और यहां पर देश-विदेश से हज़ारों दर्शनार्थी आते हैं। श्री रिद्धपुर क्षेत्र को तीर्थ स्थल का " ब " दर्जा प्राप्त है, और श्री क्षेत्र रिद्धपुर को पर्यटन स्थल घोषित किया जा चुका है। रिद्धपुर महत्वपूर्ण स्थान अमरावती-नरखेड मार्ग पर आते हुए भी यहां पर रेलवे स्टेशन नहीं है। रिद्धपुर में रेलवे स्टेशन होने से 15 से 20 गांवों को इससे फायदा होगा।

अतः जनहित हेतु जनता की माँग को ध्यान में रखते हुए श्री क्षेत्र रिद्धपुर में रेलवे स्टेशन बनवाने हेतु उचित कदम उठाकर शीघ्र संबंधित अधिकारी वर्ग को निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे कि समस्या का समाधान हो सके।